पोषण रथ

चर्चा में क्यों?

6 सितंबर, 2021 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास में आयोजित **तीजा पोरा तिहार** के अवसर पर **महिला एवं बाल विकास विभाग** द्वारा संचालित **पोषण रथ** को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न ज़िलों के भ्रमण के लिये रवाना किया।

प्रमुख बिंदु

- यह रथ विभिन्न ज़िलों के विभिन्न गाँवों में भ्रमण कर **पोषण का संदेश** देगा। रथ में **सुपोषण पर केंद्रित फिल्मों का प्रदर्शन** किया जाएगा।
- इसी के साथ मुख्यमंत्री बघेल और महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया ने **पोषण प्रतिज्ञा** पर हस्ताक्षर कर **कुपोषण रहित छत्तीसगढ़** के निर्माण के लिये प्रतिबद्धता जताई।
- विभाग सचिव डॉ. कंगाले ने बताया कि इस रथ के माध्यम से रायपुर ज़िले में पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी ऑडियो, वीडियो संदेशों का प्रसारण किया जाएगा।
- अन्य ज़िलों में भी पोषण रथ के माध्यम से विभिन्न स्थानों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिससे जनसमुदाय के मध्य फैसिलिटेटर द्वारा वीडियो प्रदर्शन उपरांत उपयोगी जानकारी दी जाती है।
- वीडियो मुख्यत: कुपोषण, पौष्टिक आहार, एनीमिया, स्तनपान, स्वच्छता, गर्भवती महिला की देखभाल, ऊपरी आहार पर आधारित है, जिसमें दृश्य-श्रव्य माध्यम का उपयोग करते हुए रोचक तरीके से स्वास्थ्य पोषण संबंधी जानकारी अधिक-से-अधिक लोगों तक पहुँचाए जाने का प्रयास है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/poshan-rath